कोटद्वार, शनिवार
15 नवम्बर 2025
वर्षः 47
अंकः 182 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार चुनाव में एनडीए की जीत विकास–केंद्रित नीतियों की जीत है: महाराज

देहरादून।प्रदेश पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बिहार में एनडीए की जीत को मोदी सरकार के विकास और राज्य में डबल इंजन सरकार की सफलता की जीत बताया है। महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह और सभी सहयोगी दलों को बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनडीए ने विकास–केंद्रित नीतियों पर जोर दिया, जिससे बिहार में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों में सुधार हुआ।

महिलाओं को 10,000 रुपये की सीधी मदद और अन्य कल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं में भरोसा जगाया और उन्हें एनडीए के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि एनडीए का मजबूत गठबंधन और सही सामाजिक समीकरण ने वोटों को बंटने से रोका और एनडीए को निर्णायक बढ़त दिलाई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नेतृत्व और उनकी विकास नीतियों ने राज्य में स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया। केंद्र सरकार की सहायता ने राज्य में विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में मदद की। इन कारणों से एनडीए को बिहार में प्रचंड बहुमत मिला और मोदी सरकार के विकास की जीत हुई।

### आज सैलानियों के लिए खुलेंगे मोतीचूर रेंज के गेट

ऋषिकेश। राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज के गेट आज से सैलानियों के लिए खोल दिए जाएंगे। रेंज में बड़ी संख्या में सैलानी वन्यजीवों के दीदार के लिए पहुंचते हैं। भारतीय नागरिकों को 150 और विदेशियों को 600 रुपये का प्रवेश शुल्क देना होगा। शनिवार को विधिवत पूजा–अर्चना के बाद राजाजी के गेट पर्यटको के लिए खुल जाएंगे। पर्यटक जीप सफारी से वन्यजीवों के साथ ही जैव विविधता को भी देख सकेंगे।

15 जून से मानसून सीजन के लिए राजाजी में पर्यटको की आवाजाही बंद कर दी जाती है। राजाजी की मोतीचूर रेंज में पर्यावरणीय सुंदरता के साथ बड़ी संख्या में वन्यजीवों के भी दीदार होते हैं। इनमें हाथी, हिरण, सांभर, गुलदार, सूअर आदि शामिल है। रेंज अधिकारी महेश सेमवाल ने बताया कि शनिवार सुबह पर्यटकों के लिए गेट खुल जाएंगे। प्रति वाहन प्रवेश शुल्क ढाई सौ रुपये विभाग लेगा। मोतीचूर रेंज में जीप सफारी के लिए कुल 23 किमी का जीप सफारी मार्ग निर्धारित है। जिसका मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। मोतीचूर रेंज में जिम कॉर्बेट से ट्रांसलोकेट कर पांच बाघ छोड़े गए हैं। इनमें से एक बाघ ऋषिकेश रेंज में चला गया था। छह माह से वह वापस नहीं लौटा। ऐसे में पर्यटकों को बाघ देखने का भी अवसर मिल सकता है। रेंज में जीप सफारी के लिए वाहनों की संख्या निर्धारित की गई है। सुबह और शाम की पाली में 15–15 वाहन ही चल सकेंगे।

### घास लेने जा रही 7 महिलाओं पर भालू का हमला, एक गंभीर

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के जखोली ब्लॉक के बधाणी ताल क्षेत्र के धारकुड़ी गांव में शुक्रवार सुबह घास लेने जा रही महिलाओं के समूह पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। हमले में सातों महिलाओं को चोट आई हैं। एक महिला गंभीर घायल है। घायल महिला में एक गर्भवती भी शामिल है। जागरूकता के चलते समूह में जा रही महिलाओं की सूझबूझ से सभी की जान बच पाई और सभी भालू को भगाने में कामयाब रही। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे आरक्षित वन क्षेत्र बधाणी बीट में धारकुड़ी गांव की सात महिलाएं घास लेने गई। झुंड में जा रही महिलाएं जैसे ही घास काटने के लिए तैयार होने लगी तभी अचानक भालू ने हमला कर दिया और सातों चिल्लाने लगी। एक दूसरे का बीच बचाव करने लगीं। दरांती और स्वाल्टे से भालू को भगाने लगी इसी बीच एक महिला गंभीर घायल हो गई। जबकि सभी को चोटें आई। इस घटना की सूचना मिलने के बाद सभी घायल महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रणधार लाया गया, जहां गंभीर घायल को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जबकि कुछ को अगस्त्यमुनि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। (एजेंसी)

# एनडीए को जनादेश, गठबंधन का सुफड़ा साफ

## भाजपा मुख्यालय से बोले पीएम मोदी– बिहार की जनता ने गर्दा उड़ा दिया



**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिले जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, एनडीए के सहयोगियों– चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को बधाई दी। पीएम ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए छठी मैया की जय के नारे भी लगाए। पीएम मोदी ने कहा, "यहां उत्साह और उमंग से भरे हुए आप सभी साथियों– जय छठी मैया। यह अटूट विश्वास बिहार के लोगों ने बिल्कुल गर्दा उड़ा दिया है। आज बिहार के हर घर में मखाने की खीर बनाना पक्का कर दिया है। मुझे खुशी हुई है कि यहां भी मखाना की खीर सबको खिलाई गई है। हम अपनी मेहनत से जनता का दिल खुश करते रहते हैं और हमको जनता जनार्दन का दिल चुराकर बैठे हैं।" पीएम ने कहा कि बिहार के लोगों ने समृद्ध बिहार के लिए मतदान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरे बिहार ने आज बता दिया है– फिर एक बार एनडीए सरकार। मैंने चुनाव में बार बार कहा था जब मैं जंगलराज की बात करता था, कट्टा सरकार की बात करता था तो आरजेडी के लोग विरोध नहीं करते थे पर कांग्रेस वालों को चुभता था। मोदी जी क्या बोल रहे हैं। लेकिन आज मैं फिर कहना चाहता हूं कि बिहार में कट्टा सरकार अब वापस नहीं आएगी।

पीएम मोदी ने कहा, "साथियों बिहार के लोगों ने विकसित बिहार के लिए मतदान किया है। बिहार के लोगों ने समृद्ध बिहार के लिए मतदान किया है। मैंने चुनाव प्रचार के दौरान बिहार की जनता से रिकॉर्ड वोटिंग के लिए आग्रह किया था और बिहार के लोगों ने वो कर दिखाया। मैंने बिहार के लोगों से एनडीए को प्रचंड विजय दिलाने का आग्रह किया था। बिहार के लोगों ने मेरा यह आग्रह भी माना। बिहार ने 2010 के बाद का सबसे बड़ा जनादेश एनडीए को दिया है। मैं बहुत विनम्रता से एनडीए के सभी दलों की ओर से बिहार की महान जनता का आभार व्यक्त करता हूं।"

### 'बिहार ने साफ किया बंगाल का रास्ता'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मंच पर आते ही 'छठी मैया की जय' के नारों के साथ अपना संबोधन शुरू किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को जीत की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भी भाजपा के रोडमैप का जिक्रकिया। सात ही सीएम ममता बनर्जी पर निशान साधा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ममता बनर्जी को बड़ा संदेश देते हुए कहा कि बिहार की जनता ने बता दिया कि बिहार के बाद अब बंगाल की बारी है। उन्होंने कहा कि गंगा जी बिहार से बहकर बंगाल तक पहुंचती है, बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बना दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल से भी जंगल राज उखाड़ फेंकेगी। इस दौरान उन्होंने जम्मू–कश्मीर और ओडिशा उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत पर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।
बिहार के लिए वादे और विकास का रोडमैप

## तेजस्वी यादव पिछड़–पिछड़कर जीते राघोपुर



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में वैशाली जिले की राघोपुर विधानसभा सीट पर राजद के तेजस्वी प्रसाद यादव ने जीत हासिल कर ली। इस सीट पर वे कई राउंड की काउंटिंग में पीछे चल रहे थे। अंतिम राउंड की काउंटिंग के बाद तेजस्वी यादव ने भाजपा के सतीश कुमार को 14532 वोटों से हराया।

राघोपुर सीट पर कई राउंड की काउंटिंग में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तेजस्वी यादव ने जीत हासिल कर ली है। आरजेडी के तेजस्वी यादव को 118597 वोट मिले। जबकि भाजपा सतीश कुमार 104065 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

## किस दल ने कितनी सीटों पर ठोकी ताल

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 का पटाक्षेप होना शुरू हो चुका है। रुझान के बाद सीटों पर जीत के आकंड़े भी सामने आने शुरू हो चुके हैं। 243 विधानसभा सीटों वाले राज्य में करीब 45 राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लिया। इन 45 दलों के अलावा 900 से ज्यादा निर्दलीय भी चुनाव मैदान में उतरे थे। इसके साथ ये जानना अहम है कि किस दल ने कितनी सीटों पर चुनाव लड़ा और किसे जनता का कितना आशीर्वाद मिला है? रुझान के बाद अब लगभग ये तय हो गया है किस दल को कितनी सीटें मिलेगी, हालांकि चुनाव आयोग के आखिरी आंकड़े आने के बाद इसकी अंतिम संख्या सामने आएगी।

### एनडीए और महागठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला

इस विधानसभा चुनाव में भी एनडीए और महागठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला रहा। हालांकि प्रशांत किशोर ने मतदान तक तीसरे मोर्चे को जरूर संभाले रखा, लेकिन मतगणना में उन्हें पूरी तरह निराशा हाथ लगी। एनडीए में जहां एक ओर भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं।

### राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन

| राजनीतिक दल | कितनी सीट पर लड़ा चुनाव? | सफलता का दर (%) |
|---|---|---|
| भाजपा | 101 सीट | 88 |
| जदयू | 101 सीट | 84 |
| लोजपा राम विलास | 29 सीट | 68 |
| हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) | 6 सीट | 83 |
| राष्ट्रीय लोक मोर्चा | 6 सीट | 67 |

वहीं महागठबंधन में आरजेडी, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई(एम), सीएमआई (एमएल) एल, आईआईपी, वीआईपी जैसे दल शामिल हैं। महागठबंधन ने पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के बेटे और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपना सीएम और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम घोषित किया था। जबकि एनडीए ने निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ही नेतृत्व में चुनाव लड़ने का फैसला किया था।

### महागठबंधन

| राजनीतिक दल | कितनी सीट पर लड़ा चुनाव? | सफलता का दर (%) |
|---|---|---|
| राजद | 143 | 17 |
| कांग्रेस | 61 | 10 |
| भाकपा माले | 20 | 10 |
| वीआईपी | 12 | 0 |
| भाकपा | 9 | 0 |
| माकपा | 4 | 25 |
| इंडियन इंक्लूसिव पार्टी | 3 | 33 |

### अन्य अहम राजनीतिक दलों का हाल

वहीं अन्य दलों की बात की जाए, तो जन सुराज पार्टी ने 237 सीटों पर चुनाव लड़ा था, हालांकि उसके हिस्से निराशा ही हाथ लगी है। वहीं मायावती नीत बहुजन समाज पार्टी ने 181 सीटों पर चुनाव लड़ा था और असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने कुल 28 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

| राजनीतिक दल | कितनी सीटों पर लड़ा चुनाव? | सफलता का दर (%) |
|---|---|---|
| जन सुराज पार्टी | 237 | 0 |
| बहुजन समाज पार्टी | 181 | 1 |
| एआईएमआईएम | 28 | 18 |

### बिहार में दोनों चरणों में बंपर वोटिंग

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले और दूसरे चरण में रिकॉर्डतोड़ मतदान हुए। प्रदेश की जनता ने 73 वर्षों के तमाम आंकड़ों को धराशायी कर दिया और इस बार दोनों चरणों को मिलाकर कुल 66.90 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। पहले चरण में कुल 65.08 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जो आजादी के बाद सर्वाधिक रहा। वहीं दूसरे चरण में 68.69 फीसदी मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया है कि दोनों चरणों को मिलाकर करीब 67.13 फीसदी मतदान हुआ है।

### बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के नतीजे?

2020 विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच था। इस चुनाव में एनडीए ने 125 सीटें जीतीं थीं। इनमें सबसे ज्यादा 74 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। जदयू को 43, वीआईपी और हम को 4–4 सीट पर सफलता मिली थी। राज्य की 110 सीटें महागठबंधन के खाते में गई थी। इसमें 75 सीटें जीतकर राजद राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। इसके साथ ही कांग्रेस को 19, वामदलों को 16 सीट पर जीत मिली थी। इनमें 12 सीटें माले और दो–दो सीटें भाकपा और माकपा के खाते में गईं थी। वहीं अन्य दलों में एआईएमआईएम ने पांच, बसपा, लोजपा और निर्दलीय ने एक–एक सीटें जीती थी।

## बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर बोले नीतीश कुमार, मोदी को नमन



**पटना।** बिहार में प्रचंड जीत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया सामने आ गई है। कुछ महीनों को छोड़कर 2005 से लगातार बिहार में सीएम की कुर्सी संभाल रहे नीतीश कुमार ने बंपर जीत के बाद जनता और गठबंधन सहयोगियों का आभार जताया है। उन्होंने पीएम मोदी को उनके सहयोग के लिए नमन किया। नीतीश कुमार ने सबसे पहले जनता का आभार जताते हुए कहा, ह्यबिहार विधान सभा चुनाव–2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद।

इसके बाद पीएम मोदी और गठबंधन के दूसरे सहयोगियों का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यआदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को उनसे मिले सहयोग के लिए उनका नमन करते हुए हृदय से आभार एवं धन्यवाद।' उन्होंने आगे लिखा कि एनडीए गठबंधन ने इस चुनाव में पूरी एकजुटता दिखाते हुए भारी बहुमत हासिल किया है। इस भारी जीत के लिए गठबंधन के सभी साथियों– चिराग पासवान जी, जीतन राम मांझी जी और उपेन्द्र कुशवाहा जी को भी धन्यवाद एवं आभार।

नीतीश कुमार ने बिहार को सबसे ज्यादा विकसित बनाने का वादा किया। उन्होंने लिखा, ह्यआप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा तथा बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।ह्ण बिहार चुनाव में जेडीयू दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। नीतीश कुमार की पार्टी शाम साढ़े छह बजे तक नतीजों/रुझानों में 83 सीटें हासिल कर चुकी है। 2020 में जेडीयू तीसरे स्थान पर रही थी। एनडीए 200 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करती दिख रही है तो महागठबंधन 40 से कम पर सिमट सकता है।

## खेसारी को मिली हार, मैथिली ने मैदान किया फतेह



**पटना।** छपरा विधानसभा सीट से आरजेडी प्रत्याशी और भोजपुरी स्टार शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। खेसारी ने हार के बाद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है– 'जनता मेरे लिए तब भी सर्वोपरि थी, आज भी है और हमेशा रहेगी! मुद्दा तब भी उठल बा, आगे भी उठी...जय बिहार!'

मैथिली ठाकुर

अपनी लोक गीतों को लेकर मशहूर सिंगर मैथिली ठाकुर भी इस बार चुनावी मैदान में उतरी थीं। मैथिली भाजपा प्रत्याशी के रूप में बिहार की अलीनगर सीट से चुनाव लड़ रही थीं। मैथिली ने इस सीट से शानदार जीत हासिल कर ली है। लोक गायिका मैथिली ने राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार मनोज मिश्रा को 11 हजार से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी है। जीत के बाद मैथिली ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है।

## जौलजीबी मेला भारत और नेपाल की सांस्कृतिक, आर्थिक और पारंपरिक मित्रता का प्रतीक

### मुख्यमंत्री ने किया पिथौरागढ़ में जौलजीबी मेले का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को जौलजीबी, पिथौरागढ़ में भारत-नेपाल सीमा पर काली और गोरी नदी के संगम पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जौलजीबी मेला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला सदियों से भारत और नेपाल की सांस्कृतिक, आर्थिक और पारंपरिक मित्रता का प्रतीक है। जौलजीबी मेला केवल आयोजन नहीं, भारत-नेपाल की पारंपरिक मित्रता और आर्थिक-सामाजिक एकरूपता का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री ने कहा वो स्वयं भी बचपन में इस मेले में आते थे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकासखण्ड मुनस्यारी अन्तर्गत ग्राम हूपली में झलूड़ी से पल्याती तक मार्ग निर्माण, बगीचा से धारचूला कोट ट्रैकिंग मार्ग एवं मेला स्थल का विकास कार्य, ग्राम पय्या पौड़ी से नालालेख शिव मंदिर तक ट्रैक रूट निर्माण, कालापानी से दशरथ पर्वत कुण्ड तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण, ग्राम सुरिंग में आन्तरिक सीसी मार्ग का निर्माण, सिमगड़ नदी भैंसकोट में आरसीसी पुलिया, सम्पर्क मार्ग का निर्माण एवं धारचूला में सैनिक विश्राम भवन बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से पिथौरागढ़ जनपद सहित इस क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

आज पिथौरगढ़ में साढ़े सात सौ करोड़ रूपए से अधिक की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। 34 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से स्पोर्ट्स कॉलेज में आधुनिक मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण कार्य भी कराया गया है।

### ट्रोमा सेंटर के चिकित्साधिकारी 3.70 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जोधपुर , भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर शहर इकाई ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राजकीय ट्रोमा सेंटर बिलाड़ा के चिकित्साधिकारी डा. बुधराज बिश्नोई को 3 लाख 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर की गई। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि चिकित्साधिकारी डा. बिश्नोई, परिवादी के भाई को फार्मासिस्ट पद पर नियुक्त करने के लिए 3 लाख रुपए और परिवादी के दोस्त को सफाईकर्मी पद पर लगाने के लिए 50 हजार से 1 लाख रुपए तक की मांग कर रहे थे। आरोप है कि यह रिश्वत राशि सीएमएचओ जोधपुर ग्रामीण, डा. मोहनदान देथा के नाम पर बताई जा रही थी। शिकायत की पुष्टि के बाद, एसीबी ने उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में ट्रैप प्लान किया। टीम ने मौके पर दबिश देकर डा. बिश्नोई को 3.70 लाख रुपए स्वीकार करते ही पकड़ लिया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव की निगरानी में आरोपी से पूछताछ जारी है।

## पोखड़ा रेंज में सक्रिय गुलदार नरभक्षी घोषित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग की पोखड़ा रेंज में सक्रिय गुलदार नरभक्षी घोषित कर दिया गया है। शुक्रवार को वन विभाग ने प्रभावित गांव में जहां टीम तैनात की वहीं यहां गुलदार पर नजर रखने के लिए ट्रैपिंग कैमरे भी लगाएं है। ब्लाक प्रमुख पोखड़ा संजय गुंसाई और पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत ने क्षेत्र में बढ़ते गुलदार के हमलों पर चिंता जताई। कहा कि क्षेत्र में आए दिन गुलदार के हमले हो रहे है इससे ग्रामीणों की दिनचर्या पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। अब ग्रामीण अपने खेतों में काम करने से भी डर रहे हैं। वन विभाग से मांग की गई है कि गुलदार के आंतक से जल्द से जल्द निजात दिलाई जाए।

बता दें कि गत गुरूवार को गुलदार ने पोखड़ा ब्लाक के बगड़ीगाड़ गांव में



महिला को मार दिया था। गुलदार के इस हमले के बाद समूचे क्षेत्र में दहशत बनी है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने जब तक गुलदार के नरभक्षी घोषित होने संबंधी आदेश नहीं हुए तब तक महिला के शव को रेंज कार्यालय से नहीं उठाया और नहीं पीएम होने दिया। रात करीब 11 बजे गुलदार के नरभक्षी के आदेश जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को वन विभाग ने दिखाएं।

## धर्मेंद्र की निजता भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग

### आईएफएटीडीए ने की पुलिस में शिकायत

मुंबई ,इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन (आईएफएटीडीए) ने अभिनेता धर्मेंद्र की बीमारी के दौरान पपराजी और मीडिया के अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष और फिल्म निर्माता–निर्देशक अशोक पंडित ने पुलिस को औपचारिक शिकायत पत्र सौंपते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लेटर की कॉपी भी शेयर की, जिसमें लिखा है, कुछ असत्यापित पपराजी और ऑनलाइन मीडिया संचालकों के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराना चाहता हूं, जिन्होंने भारतीय सिनेमा के सबसे सम्मानित दिग्गजों में से एक, पद्म



भूषण धर्मेंद्र जी की बीमारी से संबंधित हालिया कवरेज में शालीनता और नैतिकता की सभी सीमाओं को पार कर दिया। कुछ असामाजिक तत्वों ने धर्मेंद्र जी के घर में घुसकर उनकी निजता का उल्लंघन किया। बिना अनुमति के परिवार के सदस्यों के फोटो–वीडियो बनाए गए और सनसनी फैलाने के लिए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए गए। आईएफएटीडीए ने इसे पूरी तरह अमानवीय, अनैतिक और गैर–कानूनी बताया है। अशोक पंडित ने कहा, हमारे सिनेमा के दिग्गज कोई वस्तु नहीं हैं, वे इंसान हैं। बीमारी और निजी संकट के समय भी उनकी गरिमा का सम्मान करना चाहिए। यह व्यवहार न सिर्फ नैतिक रूप से गलत है, बल्कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले निजता के अधिकार का भी उल्लंघन है। यह भारतीय दंड संहिता और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत आपराधिक अपराध है।

लेटर में आगे लिखा है, आईएफएटीडीए ने स्पष्ट किया कि इस तरह की हरकतें सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, पूरी फिल्म इंडस्ट्री की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और मीडिया की विश्वसनीयता को भी कम करती हैं।

### नाबालिग साली से दुष्कर्म में जीजा गिरफ्तार

ऋषिकेश। लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक जीजा ने साली के साथ ही दुष्कर्म कर दिया। नाबालिग साली की तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे ऋषिकेश के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां नाबालिग के गर्भवती होने की जानकारी पता लगी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

पूछताछ में नाबालिग ने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मामला 12 नवंबर का है। क्षेत्र की एक नाबालिग ऋषिकेश के एक निजी अस्पताल में परिजनों संग इलाज के लिए पहुंची थी। यहां उसके गर्भवती होने की जानकारी चिकित्सकों को लगी तो फौरन इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई।

## अनिल अंबानी पूछताछ के लिए ईडी के मुख्यालय नहीं पहुंचे

नई दिल्ली ,प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस एडीएजी ग्रुप के चेयरमैन अनिल डी.अंबानी को किसी भी तरह की वर्चुअल पेशी की अनुमति नहीं दी है। यह जानकारी शुक्रवार को सूत्रों की ओर से दी गई। अनिल डी.अंबानी को बैंक फ्रॉड मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए शुक्रवार (14 नवंबर) को ईडी के दिल्ली मुख्यालय में पेश होना था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। हालांकि, उन्होंने वर्चुअल पेशी का प्रस्ताव रखा है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी को ईमेल के माध्यम से वर्चुअल रूप से पेश होने की उनकी इच्छा की जानकारी मिली थी, लेकिन ईडी ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी है। अनिल डी. अंबानी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि वह सभी मामलों में ईडी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है और वे वर्चुअल



माध्यम से पेश हो सकते हैं। बयान में आगे कहा गया, अनिल डी. अंबानी को ईडी की ओर से भेजा गया समन फेमा जांच से संबंधित है, न कि पीएमएलए के किसी मामले से इसका जुड़ाव है। बयान में आगे कहा गया,अनिल डी. अंबानी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने अप्रैल 2007 से मार्च 2022 तक लगभग पंद्रह वर्षों तक कंपनी में केवल एक गैर–कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया और कंपनी के डे–टू–डे मैनेजमेंट में कभी शामिल नहीं रहे।

ईडी ने समूह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए अनिल अंबानी को 14 नवंबर को फिर से तलब किया था। अगस्त में ईडी मुख्यालय में कथित 17,000 करोड़ रुपए के ऋण धोखाधड़ी मामले में उनसे लगभग नौ घंटे तक कड़ी पूछताछ हुई थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है जब ईडी ने सोमवार को नवी मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी में 4,462.81 करोड़ रुपए मूल्य की 132 एकड़ से अधिक जमीन को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया था।

## सम्पादकीय

# बिहार में पूर्ण बहुमत

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम अभी पूरे तरह से आने बाकी है लेकिन मतगणना के रुझानों ने यह तो स्पष्ट कर ही दिया है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए का ही परचम लहराने वाला है। महागठबंधन की जो बुरी स्थिति हुई है उसने बिहार में यह साबित कर दिया है कि अब यहां "लालू प्रसाद एंड फैमिली" का प्रभाव समाप्त हो चुका है। इससे बुरी स्थिति भला और क्या होगी की बिहार में महागठबंधन के सबसे बड़े चेहरे तेजस्वी यादव को ही अपनी सीट बचाने के लाले पड़ गए तो वहीं तेज प्रताप यादव की स्थिति भी बेहद निराशाजनक बनकर सामने आई है। एनडीए की इस बंपर जीत के बाद महागठबंधन के घटक दलों के पास कहने के लिए कुछ बाकी रहने गया है लेकिन दिग्विजय सिंह यहां भी कहने से नहीं चुके कि ईवीएम में ही गड़बड़ी है। हालांकि उन्होंने कांग्रेस अलाकमान को भी सलाह देते हुए संगठन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर देने को कहा, साथ ही नसीहत भी दी कि आज का चुनाव मतदान केंद्र पर सघन जनसंपर्क का है ना कि रैली व जनसभा का। बहरहाल यह तो स्पष्ट हो चुका है कि एनडीए में शामिल पांच दलों को मिलाकर ये आंकड़ा दो सौ के पार जा रहा है। बड़ी बात यह है कि यह आंकड़ा किस स्तर पर जाकर रुकेगा इसकी प्रतिक्षा है। चुनाव से पहले महागठबंधन ने बिहार को जीतने का दावा किया था हालांकि मतगणना के बाद राजद एवं कांग्रेस की जो पूरी दुर्गति हुई उसने महागठबंधन के भविष्य पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस के लिए तो अधिकांश प्रदेशों में अब खुद को खड़े रखना ही भारी पड़ने लगा है। इधर बिहार के चुनाव परिणाम यह साबित भी करते हैं कि मोदी–अमित शाह का प्रभाव अभी भी कई राज्यों में अपना असर दिखाने की क्षमता रखता है। बिहार में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है जबकि दूसरे नंबर पर जनता दल यूनाइटेड ने अच्छा प्रदर्शन किया है। रामविलास पासवान की लोजपा निश्चित तौर पर सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएगी। चुनाव परिणाम के बाद सबसे बड़ा झटका तेजस्वी यादव को लगा है जो अब निर्वाचन आयोग के चुनाव परिणाम पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं और अपने जीते हुए विधायकों के इस्तीफे की बात कर रहे हैं। निश्चित तौर पर राजद के लिए इस हार को पचाना काफी कष्टकारी साबित हो रहा है। यह चुनाव परिणाम कहीं ना कहीं बिहार में लालू प्रसाद यादव परिवार के राजनीतिक भविष्य पर भी ग्रहण के तौर पर देखा जा सकता है। यहां तारीफ करनी होगी बिहार की जनता की जिसने एक नेहा इतिहास रच कर पूरे देश को यह संदेश दिया है की विकास के मॉडल पर चल कर ही देश आगे बढ़ेगा, न कि किसी एक परिवार की मर्जी से। बहरहाल अब प्रतीक्षा है एनडीए के उस चेहरे की जिसके हाथ में नए बिहार की कमान सौंप जाएगी।

# राजद–कांग्रेस का गठबंधन टूटते टूटते बचा

**अजीत द्विवेदी**

दिल्ली से लेकर पटना तक की मीडिया में चर्चा है कि बिहार में राजद के साथ कांग्रेस का गठबंधन टूटते टूटते बचा और वह भी तब, जब सोनिया गांधी ने दखल दिया और राहुल गांधी सक्रिय हुए। कहा जा रहा है कि राहुल देश के किसी भी हिस्से में रहे लेकिन वे पटना में नेताओं के लगातार संपर्क में थे और हर घटनाक्रम की समीक्षा कर रहे थे। अंत में सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत को पटना भेजा। उनके बाद अविनाश पांडे भी पटना भेजे गए। वे पटना में समन्वय देखेंगे। यह आम धारणा है कि अशोक गहलोत पटना गए तो उन्होंने जादूगरी दिखाई और गठबंधन को टूटने से बचा लिया। उन्होंने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से बातचीत की और उसके बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का दावेदार और मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित किया गया।

अब सवाल है कि क्या कांग्रेस तेजस्वी को चेहरा घोषित करने के बदले जो चाहती थी वह उसको मिल गया? इस सवाल का जवाब है कि कांग्रेस को तेजस्वी का नाम घोषित करने के बदले में कुछ नहीं मिला। कह सकते हैं कि 'न खुदा मिला न विसाले सनमइ। बेइज्जती अलग से हुई। कांग्रेस को घुटने टेक कर नौ सीटें छोड़नी पड़ी, जिसमें जीती हुई सीट भी है। क्वालिटी सीट के नाम पर कोई अच्छी या नई सीट नहीं मिली यानी पुरानी ही सीटें लड़नी पड़ रही है, जिनमें पिछली बार स्ट्राइक रेट 27 फीसदी का था। कांग्रेस को राजद के खिलाफ खड़े किए गए अपने उम्मीदवारों को नाक रगड़ कर वापस लेना पड़ा और तेजस्वी के नाम की घोषणा भी करनी पड़ी। अपमान अलग से यह हुआ कि लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के खिलाफ जो उम्मीदवार खड़े किए थे उनमें से किसी का नाम वापस नहीं हुआ। कांग्रेस जिन 61 सीटों पर चुनाव लड़ रही है उन्हीं में से 10 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई हो रही है। राजद की 143 में से सिर्फ दो सीट पर दोस्ताना लड़ाई है। लेकिन वह भी कांग्रेस के साथ नहीं वीआईपी के साथ। उसने कांग्रेस से उम्मीदवार वापस कराए, जबकि उसके उम्मीदवार कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे हैं। ऊपर से सीपीआई के साथ संबंध अलग बिगड़े। बिहार का लेनिनग्राद कहे जाने वाले बेगूसराय में सीपीआई की मजबूत बछवाड़ा सीट पर उम्मीदवार देकर कांग्रेस ने उसे ऐसा नाराज किया कि उसने कांग्रेस की जीती हुई सीट पर भी अपना उम्मीदवार उतार दिया और तमाम मान मनौव्वल के बाद भी नाम वापस नहीं लिया।



सोचें, जब लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव की हर बात मान ही लेनी थी तो अशोक गहलोत को भेजने की क्या जरुरत थी? वह काम तो कोई भी कर सकता था। मोलभाव या दबाव की राजनीति का मतलब होता है कि दोनों पक्ष कुछ कुछ समझौता करें। लेकिन यहां तो सारे समझौते कांग्रेस को करने पड़े! राजद ने कोई समझौता नहीं किया है। वह पिछली बार 144 सीटों पर लड़ी थी और इस बार 143 पर लड़ रही है। सीपीआई माले पिछली बार 19 पर लड़ी थी और इस बार 20 पर लड़ रही है। सीपीआई पिछली बार छह पर लड़ी थी तो इस बार नौ पर लड़ रही और सीपीएम पिछली बार चार पर लड़ी तो इस बार छह पर लड़ रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पिछली बार 70 पर लड़ी थी और इस बार 61 पर लड़ रही है और उसमें भी 10 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई है। यानी चौबे जी गए थे छब्बे जी बनने और दुबे जी बन कर आ गए।

असल में बिहार में कांग्रेस का कोई संगठन पिछले कई बरसों से नहीं है। पिछले सात साल में तो तीन अध्यक्ष और तीन प्रभारी बदले हैं लेकिन कांग्रेस का प्रदेश संगठन नहीं बना। कांग्रेस के पास कोई जातीय आधार नहीं है और न संगठन की मजबूती है। इस वास्तविकता को समझे बगैर राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस के पुनरूत्थान का सपना पाला। सोशल मीडिया से भरी गई हवा से फुल कर कुप्पा हुए राहुल गांधी ने कांग्रेस के वेतनभोगी कर्मचारी कृष्णा अल्लावरू को बिहार का प्रभारी बना कर भेजा। राहुल गांधी की ओर से इम्पावर्ड किए गए अल्लावरू ने पटना पहुंचते ही टकराव की राजनीति शुरू कर दी। उन्होंने कांग्रेस के तमाम पुराने नेताओं को हाशिए में डाल दिया और राजेश राम व शकील अहमद खान के सहारे दलित और मुस्लिम का समीकरण बैठाना शुरू कर दिया, जिसका कोई जमीनी आधार नहीं था। यह सही है कि कांग्रेस के वोट पर ही प्रादेशिक पार्टियों की राजनीति चल रही है लेकिन उनसे अपना वोट वापस हासिल करने के लिए कांग्रेस को पहले संगठन के स्तर पर मजबूत होना होगा। इस बुनियादी वास्तविकता को समझे बगैर राहुल गांधी और अल्लावरू ने यह सोच लिया कि दबाव डाल कर लालू प्रसाद से न सिर्फ अच्छी सीटें हासिल कर लेंगे, बल्कि इसी बहाने अपना वोट बैंक भी वापस पा लेंगे। कांग्रेस को इस प्रयास में जोर का झटका बहुत जोर से लगा है।

कांग्रेस की सबसे बड़ी गलती अल्लावरू को प्रभारी बना कर भेजने की थी। अल्लावरू की जगह किसी राजनीति समझने वाले नेता को बिहार भेजा जाना चाहिए था, जो बारीकियों को समझता हो। मोटा मोटी सिद्धांत जानने और महत्वाकांक्षा पाल लेने से कुछ नहीं होता है। राजनीति की बारीकियों को समझने वालों को भी बिहार में राजनीति करने के लिए कुछ अतिरिक्त कौशल की जरुरत होती है। कांग्रेस ने अविनाश पांडे को देर से भेजा अगर वे पहले गए होते तो वे कांग्रेस की संगठनात्मक शक्ति, उम्मीदवारों की क्षमता और राजनीतिक नैरेटिव को समझ कर मोलभाव करते। अल्लावरू में वह समझ भी नहीं थे और वे लचीलापन भी नहीं ला पाए, जिसकी जरुरत थी। लालू परिवार ने उनकी इस कमजोरी को समझा और कांग्रेस को राजनीति को पंक्चर कर दिया। अल्लावरू और कुछ हद तक राहुल गांधी भी पप्पू यादव और कन्हैया कुमार के भरोसे लालू परिवार पर दबाव डाल पाने का भ्रम पाले रहे। इसका अंत नतीजा बहुत बुरा हुआ।

कांग्रेस ने समझा ही नहीं कि बिहार के तीन चौथाई जिलों में उसके पास संगठन के अच्छे नेता नहीं हैं और न अच्छे उम्मीदवार हैं। राजद को यह पता था कि कांग्रेस के पास अच्छे उम्मीदवार नहीं हैं। इसलिए उसने एक भी नई सीट कांग्रेस के लिए नहीं छोड़ी। अंत में दिखा कि कैसे कांग्रेस ने करीब डेढ़ दर्जन ऐसे उम्मीदवार चुनाव में उतारे, जो थोड़े दिन पहले तक भाजपा या जनता दल यू में थे। कई उम्मीदवार तो संघ की शाखा में जाने वाले थे। एक उम्मीदवार तो ऐसा उतारा, जिसने राहुल गांधी पर दर्जनों अपमानजनक पोस्ट सोशल मीडिया में डाले थे। विवाद बढ़ने पर उसकी उम्मीदवारी वापस ली गई। 60 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली एक सीट पर जीते हुए विधायक की टिकट काट कर एक कमजोर उम्मीदवार को टिकट दिया गया, जिसका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध हुआ। पिछली बार महज 113 वोट से हारे एक उम्मीदवार की टिकट काट दी गई, जिसकी सार्वजनिक रूप से शिकायत कटिहार के सांसद तारिक अनवर ने की। पैसे पर टिकट बेचे जाने के ऐसे ऐसे आरोप लगे, जैसे पहले कभी नहीं लगे थे। तभी चुनाव के अधबीच कृष्णा अल्लावरू के पर कतरे गए। उनको यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी पद से हटाया गया और अविनाश पांडे को समन्वय के लिए भेजा गया।

कुल मिला कर कांग्रेस ने जो तेवर दिखाए और लालू प्रसाद को झुका कर कांग्रेस को स्थापित करने का जो दांव खेला वह बुरी तरह से पिट गया। जमीनी राजनीति और धारणा की राजनीति दोनों में कांग्रेस को नुकसान हुआ। साथ ही कांग्रेस ने समूचे महागठबंधन की संभावना को भी पलीता लगा दिया। पहले तो राहुल गांधी एकदम बिना मतलब का एसआईआर का मुद्दा लेकर बिहार में दो हफ्ते घूमे और उसके बाद जब राजनीति करने की बारी आई तो पता नहीं कहां लापता हो गए। उन्होंने राजनीति ऐसे नौसिखिया नेताओं के हाथ में दी, जिनको अपने क्षेत्र के बाहर कोई नहीं जानता था। अखिलेश प्रसाद सिंह, तारिक अनवर, मदन मोहन झा जैसे नेता शोपीस बना दिए गए और अल्लावरू, राजेश राम, शकील अहमद खान फैसले करते रहे!

# चैंपियन रहे बिहार के मतदाता

**डॉ नीतू कुमारी नवगीत**

बिहार की भूमि लोकतंत्र की जन्मदात्री है। ऐतिहासिक साक्ष्यों से साबित हुआ है कि बिहार के वैशाली में ही लोकतंत्र के प्रथम सफल प्रयोग हुए। बिहार राजनीतिक रूप से एक जागरूक राज्य भी है। लोकतंत्र के भाग्य विधाता मतदाताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में शानदार भागीदारी निभाते हुए इस बात की पुष्टि की है कि क्यों देश में बिहार को राजनीतिक रूप से जागरूक और प्रतिनिधि राज्य माना जाता है।

चुनाव आयोग द्वारा जो अनंतिम आंकड़े जारी किए गए हैं उसके अनुसार इस बार के चुनाव में 66.91 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार के 73 सालों के चुनावी इतिहास में पहली बार राज्य के मतदाताओं ने इतनी बम्पर वोटिंग की है।इससे पहले वर्ष 2000 में 62.57 प्रतिशत मतदान हुआ था । बिहार की महिलाएं लगातार बढ़त बनाई हुई हैं ।इस बार भी महिलाओं ने पुरुषों से लगभग 8.8 प्रतिशत अधिक मतदान किया है ।

भारत निर्वाचन आयोग ने इसको विशेष मतदाता पुनरीक्षण और व्यापक जन भागीदारी सहित सभी सम्बंधित पदाधिकारी और जनजागरूकता से जुड़े लोगों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है । भारतीय संविधान लागू होने के उपरांत मतदाताओं की भागीदारी के आधार पर यह बिहार का सबसे सफल चुनाव रहा। महिला मतदाताओं का जोश पुरुष मतदाताओं से भी अधिक रहा। दूसरे चरण के मतदान में 74त्न से भी अधिक महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि मात्र 65त्न पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोनों चरणों के मतदान के दौरान महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। कुल मिलाकर जहां 65.08 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 68.76 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाई। बिहार की महिलाओं की यह सजगता काबिले तारीफ है। चुनाव आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान की स्वीप आइकॉन के रूप में जहां कहीं भी मैं मतदाताओं की मतदान की जरूरत के संबंध में बताने गई, रिस्पांस बहुत अच्छा रहा। बिहार के लोग चुनाव को लेकर उत्साहित रहते हैं। इस बार मतदाताओं ने चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया। लोक आस्था के महान पर्व छठ के ठीक बाद हुए चुनाव में मतदाताओं ने वैसे ही बढ़–कर कर भाग लिया जैसे अपने लोकोत्सव को मनाया। मतदान प्रक्रिया में इतनी अच्छी भागीदारी लोकतंत्र की जीत है, बिहार की जीत है। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित करने में 8.5 लाख से अधिक कर्मचारियों, 1.4 लाख से अधिक पोलिंग एजेंट, 243 जनरल ऑब्जर्वर, 38 पुलिस ऑब्जर्वर, 67 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर ने भी अपनी भूमिका निभाई। सभी अपनी शानदार भूमिका के लिए बधाई के पात्र हैं।

इस चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, फिलिपींस, बेल्जियम और कोलंबिया के 16 प्रतिनिधि भी आए जिन्होंने बिहार में हुए इस शानदार चुनाव और जनता के उत्साह को देखा, समझा और महसूस किया।वस्तुतः लोकतंत्र का महापर्व चुनाव ही है। पिछले कुछ चुनाव में जनता की कम भागीदारी चिंता का विषय रहा है लेकिन इस बार बिहार के मतदाताओं ने नई राह दिखाई है। अपार उत्साह और रिकॉर्ड वोटिंग के साथ उन्होंने संदेश दे दिया है कि लोकतंत्र में उनकी गहरी आस्था है। आगे का काम जनप्रतिनिधियों का होगा। चुनावी प्रक्रिया में जिन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा में जाने का मौका मिलेगा, उन सब को जनता के विश्वास पर खड़ा उतरना होगा। अपनी भूमिका सशक्त तरीके से निभानी होगी ताकि जनता का भरोसा न सिर्फ उन पर बना रहे, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी बना रहे। जय लोकतंत्र जय बिहार की जनता । (डॉ नीतू कुमारी नवगीत बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पटना जिला में निर्वाचन आयोग की मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप आइकॉन रही। वह बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका हैं।)

# लोग भले जहरीली हवा में सांस लेते रहें

क्या उससे इस बात से परदा हटेगा कि दिवाली को– जिस रोज एक्यूआई के अति असामान्य स्तर तक जाता रहा है– अधिकांश मशीनें बंद क्यों थीं? और क्या सचमुच मशीनों के पास जल छिड़काव कर स्थिति बेहतर दिखाने की कोशिश हुई? आरोप पहले से लग रहे थे। अब ये बात सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही में भी दर्ज हो गई है। बात अदालत की तरफ से नियुक्त न्यायमित्र ने बताया कि दिवाली के दिन दिल्ली में प्रदूषण की निगरानी करने वाले 37 में सिर्फ नौ केंद्र काम कर रहे थे। यानी 28 केंद्र या तो बंद थे या उन्हें बंद कर दिया गया था। नतीजा यह हुआ कि दिवाली को राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) कहां तक पहुंचा, इसका अंदाजा ही नहीं लगा। जो आंकड़े लोगों को सामने आए, तजुर्बे के बरक्स उन पर यकीन करना सबके लिए कठिन था, मगर लोगों के पास उसके अलावा विकल्प भी क्या था! आम आदमी पार्टी के नेताओं ने तभी मशीनों से छेड़छाड़ का इल्जाम लगाया। उन्होंने ऐसे वीडियो भी जारी किए, जिनमें निगरानी केंद्रों के आसपास जल का लगातार छिड़काव होते दिखाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि मशीनों में प्रदूषण की मात्रा कम होकर दर्ज हो। अब न्यायमित्र ने सवाल उठाया है कि जब सरकार के पास वास्तविक आंकड़े ही नहीं थे, तो आखिर राजधानी में ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) कैसे लागू कर दिया गया? सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों से इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मगर बड़ा सवाल है कि क्या उससे इस बात से परदा हटेगा कि दिवाली के दिन– जिस रोज एक्यूआई के अति असामान्य स्तर तक जाता रहा है– उस दिन अधिकांश मशीनें बंद क्यों थीं? और क्या सचमुच मशीनों के पास जल छिड़काव कर स्थिति बेहतर दिखाने की कोशिश हुई? ऐसा हुआ, तो यह किसके निर्देश पर हुआ? क्या ऐसे अधिकारियों की जवाबदेही तय हो सकेगी? सारा मुद्दा इसलिए ज्यादा समस्याग्रस्त दिखता है, क्योंकि वर्तमान सरकार के समय में अक्सर सूरत बेहतर दिखाने के लिए आंकड़ों को छिपाने या उनमें हेरफेर करने के इल्जाम लगते रहे हैं। धारणा बनी है कि मौजूदा सरकार की दिलचस्पी स्थिति को नहीं, धारणाओं को सुधारने में है। ताजा मामले में इसका मतलब है कि लोग भले जहरीली हवा में सांस लेते रहें, लेकिन मानें कि हालात पहले से बेहतर हैं। क्या यह अजीबोगरीब सोच नहीं है?

# थलपति विजय के बेटे जेसन की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म के टाइटल का एलान



साउथ सुपरस्टार थलपति विजय के बेटे जेसन संजय तमिल फिल्म इंडस्ट्री में बतौर निर्देशक डेब्यू कर रहे हैं। उनकी पहली फिल्म के टाइटल की घोषणा हो गई है। फिल्म के शीर्षक के साथ अभिनेता संदीप किशन का पहला लुक भी जारी कर दिया गया है। लाइका प्रोडक्शन हाउस के तहत निर्माण हो रही जेसन संजय द्वारा निर्देशित डेब्यू फिल्म का शीर्षक सिग्मा है। इस फिल्म में संदीप किशन मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता का पहला लुक भी सामने आ गया है। पोस्टर में एक्टर संदीप को सोने की ईंटों और पैसों के ढेर पर बैठे हुए दिखाया गया है। साथ ही वह अपने हाथ पर लगे घाव पर पट्टी बांधते दिख रहे हैं। अभिनेता संदीप किशन ने अपने एक्स अकाउंट पर इस टाइटल अनाउंसमेंट पोस्टर को साझा किया है। एक्टर ने शीर्षक के अर्थ को समझाया है। उन्होंने ट्वीट किया, जेसन संजय के निर्देशन की पहली फिल्म सिग्मा। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। जब आप खुद पर कभी हार नहीं मानते, खासकर इस अन्यायपूर्ण दुनिया में, तो आप एक सिग्मा हैं। जेसन संजय आपको शानदार अनुभव देंगे। फिल्म सिग्मा को लाइका प्रोडक्शंस का समर्थन प्राप्त है। यह एक्शन–एडवेंचर–कॉमेडी फिल्म है, जो छिपे हुए खजाने का पता लगाने का काम करेगी। फिल्म में संदीप किशन के अलावा फारिया अब्दुल्ला, राजू सुंदरम, अंबू थासन, योग जपी, संपत राज, किरण कोंडा और मगालक्ष्मी सुधारसनन मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## पृथ्वीराज सुकुमारन विलायथ बुद्ध का टीज़र रिलीज़

पृथ्वीराज सुकुमारन की मलयालम थ्रिलर परियोजना विलायत बुद्ध रिलीज़ के लिए तैयार है, जिसका टीज़र हाल ही में तेलुगु और अखिल भारतीय भाषाओं में जारी किया गया है। जयन नांबियार द्वारा निर्देशित यह फिल्म जीआर इंदुगोपन के इसी नाम के प्रशंसित उपन्यास का रूपांतरण है। दिलचस्प बात यह है कि इस टीज़र की तुलना अल्लू अर्जुन की पुष्पा से की जा रही है, और कुछ दृश्य इस फिल्म से मिलते–जुलते हैं। हालाँकि, पृथ्वीराज का किरदार, डबल मोहनन, टीज़र में पुष्पा के संदर्भ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहता है, नहीं, वह अंतर्राष्ट्रीय है। हम स्थानीय हैं।

कहानी शम्मी थिलकन द्वारा अभिनीत भास्करन मास्टर और उनके पूर्व शिष्य डबल मोहनन के बीच विलायत बुद्ध नामक एक मूल्यवान चंदन के पेड़ के स्वामित्व को लेकर सत्ता संघर्ष के इर्द–गिर्द घूमती है।

# जसप्रीत बुमराह के पंजे से साउथ अफ्रीका पस्त

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम अपने घर में क्यों शेर कही जाती है इस बात की बानगी उसने एक बार फिर पेश की है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शुक्रवार से शुरू हुए पहले टेस्ट मैच में भारत ने विश्व चैंपियन साउथ अफ्रीका को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इसमें सबसे आगे रहे जसप्रीत बुमराह जिन्होंने पांच विकेट लेकर मेहमान टीम की कमर तोड़ दी और उसे पहली पारी में 159 रनों पर समेट दिया। दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने जरूर अपना एक विकेट खो दिया है। उसने स्टम्प्स तक एक विकेट खोकर 37 रन बनाए हैं। केएल राहुल 13 और वॉशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर खेल रहे हैं। टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के स्कोर से 122 रन पीछे है। भारत ने यशस्वी जायसवाल के रूप में अपना इकलौता विकेट खोया है। वह माकी यानसेन का शिकार बने। जायसवाल ने 12 रन बनाए।



**टीम ने किया हैरान**

इस टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने अपनी प्लेइंग–11 से सभी को हैरान कर दिया। साई सुदर्शन को बाहर कर सुंदर को नंबर–3 के लिए चुना गया और इसी के साथ चार स्पिनरों के साथ खेलने का फैसला किया जो अभी तक बहुत ही कम देखने को मिला है। हालांकि, भारतीय स्पिनर हावी नहीं रहे और जो काम किया वो बुमराह ने किया। 11वें ओवर की पहली गेंद पर बुमराह ने रियान रिकेलटन को पवेलियन भेज दिया। वह 22 गेंदो पर 23 रन ही बना सके। एक ओवर के बाद बुमराह ने एडेन मार्करम को भी पवेलियन भेज दिया। वह 48 गेंदों पर 31 रनों की पारी खेल सके। कप्तान टेम्बा बावुमा तीन रन ही बना सके और कुलदीप का शिकार बने। पहले सेशन में साउथ अफ्रीका ने यही तीन विकेट खोए, लेकिन दूसरे सेशन में तो साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज आया राम गया राम होते रहे।

**दूसरे सेशन में हुआ काम तमाम**

दूसरे सेशन में विकेट गिरने की शुरुआत वियान मुल्डर से हुई। कुलदीप ने मुल्डर को अपना दूसरा शिकार बना साउथ अफ्रीका को चौथा झटका दिया। बुमराह ने फिर टोनी डी जोर्जी (24) का शिकार कर साउथ अफ्रीका का पांचवां विकेट भी गिरा दिया। फिर मोहम्मद सिराज ने काइल वैरीयेन (16) और माकी यानसेन (0) को आउट कर मेहमान टीम का स्कोर सात विकेट पर 147 रन कर दिया।

अक्षर पटेल ने कोर्बिन बोश्च को आउट कर अपना खाता खोला। ये धुरंधर ऑलराउंडर सिर्फ तीन रन ही बना सके। बुमराह ने फिर सिमोन हर्मार और केशव महाराज को आउट कर साउथ अफ्रीका की पारी का अंत कर दिया। सिमोन ने पांच रन बनाए तो महाराज खाता तक नहीं खोल सके।

# फिल्म मोगली 2025 का पहला गाने सैय्यारे रिलीज़

तेलुगु सिनेमा प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है! पीपल मीडिया फैक्ट्री ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म मोगली 2025 का पहला लिरिकल वीडियोरिलीज़ कर दिया है, और सुर्खियाँ बटोरने का सबसे बड़ा कारण है इसकी लीड एक्ट्रेस साक्षी मढोलकर। रौशन कनकाला के साथ रोमांटिक–एक्शनड्रामा में मुख्य भूमिका निभा रहीं साक्षी ने अपने पहले ही गाने सैय्यारे से दर्शकों का दिल जीत लिया है।

घने जंगल की पृष्ठभूमि में फिल्माया गया यह गीत हर फ्रेम में रहस्यमय मोहकता समेटे हुए है। साक्षी के भावपूर्ण चेहरे के एक्सप्रेशन्स, उनकी सधी हुईअदाकारी और काला भैरवा के मधुर संगीत का संगम इसे एक आत्मा को छू जाने वाला अनुभव बनाता है। सैय्यारे में सिर्फ सुर ही नहीं हैं, बल्किभावनाओं की मिठास और एक खूबसूरत तड़प भी है, जो गीत खत्म होने



के बाद भी दिल में गूंजती रहती है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक संदीप राज (कलर फोटो फेम) द्वारा निर्देशित मोगली को रोमांस और एक्शन का बेहतरीन मेल कहा जा रहा है। फिल्मके निर्माता टी.जी. विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद हैं,

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका: एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट मुकाबले हमेशा से रोमांच और कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए जाने जाते हैं। इस ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता में कई बल्लेबाजों ने बड़े रिकॉर्ड तोड़े हैं और यादगार प्रदर्शन किए हैं। कुछ ने एक ही सीरीज में इतने रन बनाए कि उनका नाम आज भी सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। आइए दोनों टीमों के बीच खेली गई एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों पर नजर डालते हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 2019 की टेस्ट सीरीज में कमाल की बल्लेबाजी की थी। रोहित ने 3 मैचों की 4 पारियों में 132.25 की औसत से 529 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 शतक निकले थे। रोहित का उस सीरीज में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन रहा था। रोहित दोनों टीमों के बीच एक टेस्ट सीरीज में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज भी हैं।

# बांग्लादेश ने पहले टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 47 रन से हराया, ये बने रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली,बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने आयरलैंड क्रिकेट टीम को पहले टेस्ट मैच में पारी और 47 रनों से हरा दिया। इसी के साथ उसने 2 मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त ले ली है। आयरलैंड की टीम उनकी दूसरी पारी में केवल 254 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कोई भी बल्लेबाज टीम के लिए बड़ी पारी नहीं खेल पाया। हसन मुराद ने 4 विकेट लिए। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं। आयरलैंड ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनकी पहली पारी 286 रन पर समाप्त हो गई। जवाब में महमूदुल हसन जॉय (171) और नजमुल हुसैन



शांतो (100) की शानदार शतकीय पारी के दम पर बांग्लादेश ने 587/8 का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी घोषित की थी। आयरलैंड के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी कुछ खास नहीं कर पाए और बड़े अंतर से मुकाबला हार गए।

शांतो ने 114 गेंदों में 14 चौकों की मदद से शतक जमाया। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका आठवां शतक रहा। उनके नाम 5 अर्धशतक भी दर्ज हैं। इस पारी के साथ शांतो के अब 38 टेस्ट मैचों में 2,289 रन हो गए हैं। उनकी औसत 33.17 की रही है। इसी पारी के दौरान उन्होंने घरेलू मैदान पर 1,000 टेस्ट रन भी पूरे कर लिए हैं। उन्होने 21 घरेलू टेस्ट में 1,056 रन बनाए हैं, उनकी औसत 27.78 की है। जॉय ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 286 गेंदों में 171 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 4 छक्के शामिल थे।

